लापरवाही | गड्ढों, धूल और खतरे में बदलती सड़क से ग्रामीणों में पनप रहा आक्रोश

# जबलपुर-कटंगी मार्ग पर अधूरा पेंचवर्क बना मुसीबत



13 मील स्थल के नजदीक सड़क की दुदर्शा बयां करता



दूसरे चित्र में पेंच मुख्य मार्ग खेरी के पास जर्जर रोड

**नवभारत, बेलखाडू।** जबलपुर-कटंगी मार्ग पर बीते माह किए गए पेंचवर्क की गुणवत्ता अब सवालों के घेरे में आ गई है। सड़क के कई हिस्सों में डामर की परत उखड़ने लगी है और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे यह मार्ग नियमित आवागमन करने वाले लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है।

सूरतलाई पुल, नगना,खैरी और 14 मील के पहले 13 मील गांव के आसपास अनेक स्थानों की सड़क के डामलीकरण को छोड़ दिया गया जिससे उपरोक्त स्थानों पर हालत बेहद खराब हो चुकी है। हाल ही में एनएचएआई जबलपुर द्वारा किए गए पेंचवर्क की परतें निकलने लगी हैं और सड़क पर उभरे गड्ढे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन रहे हैं।

रात के समय ये गड्ढे अचानक सामने आ जाते हैं, जिससे हादसों की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार वाहन चालक इन गड्ढों से बचने के प्रयास में संतुलन खो बैठते हैं।

### राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा, लेकिन मानकों का अभाव

यह मार्ग अब राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक - 34 का दर्जा प्राप्त कर चुका है, लेकिन सड़क पर कहीं भी निर्धारित मानकों के अनुरूप स्पीड लिमिट बोर्ड या दिशा-सूचक संकेत दिखाई नहीं देते। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क की हालत दिन-प्रतिदिन और जर्जर होती जा रही है।

### रिंग रोड कार्य से उड़ रही धूल, स्वास्थ्य पर असर

रिंग रोड निर्माण में लगे ट्रकों की आवाजाही से पूरे क्षेत्र में धूल का गुबार बना रहता है। आसपास के घरों में धूल जमने से लोगों को सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ रहा है।

### फसलों की उपज पर पड़ रहा विपरीत असर

सबसे गंभीर स्थिति झगरा रिंग रोड पुल के पास से पुराने बेलखाडू गांव के मुख्य मार्ग की है। यहां पेंचवर्क का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले करीब छह महीनों से यहां सड़क निर्माण नहीं हुआ है। उड़ती धूल से न सिर्फ स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि पास के खेतों में जमा धूल से फसलों की उपज पर भी असर पड़ रहा है।

### जिम्मेदारों से कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और मार्ग से रोज गुजरने वाले लोगों ने एनएचएआई और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क की मरम्मत, उचित संकेतक बोर्ड और धूल नियंत्रण के उपाय तत्काल किए जाएं, ताकि लोग फिर से सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में जीवन व्यतीत कर सकें। स्थानीय नागरिकों के अनुसार फिलहाल, जबलपुर-कटंगी मार्ग पर अधूरा पेंचवर्क लोगों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बना हुआ है, और सभी की निगाहें जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## उज्जैन जिले में 800 युवा आपदा मित्र तैयार

**उज्जैन.** जिले में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के तहत 800 युवाओं को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, जो विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए तैयार हैं. जिला कमांडेंट होमगार्ड संतोष कुमार जाट ने बताया कि आपदा मित्र योजना का द्वितीय सत्र 23 से 29 मार्च तक होमगार्ड लाइन में संचालित किया गया. इस दौरान 165 युवाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया. जिले में अब तक कुल 800 युवा आपदा मित्र तैयार किए जा चुके हैं. प्रशिक्षण में युवाओं को बाढ़, भूकंप, आगजनी और मेडिकल इमरजेंसी जैसी आपदाओं से निपटने के तरीके सिखाए गए. प्रशिक्षण के पांचवें और छठवें दिन शिप्रा नदी के रामघाट पर नाव संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसमें चप्पू के माध्यम से नाव चलाने की तकनीक सिखाई गई. इसके अलावा आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय और फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग का मॉकड्रिल के माध्यम से अभ्यास कराया गया.

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर हुई मौत

**पाटन।** पाटन शाहपुरा मार्ग पर सुरैया तिराहा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। जिससे बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई बताया जाता है की बाइक सवार सिमरिया गांव का रहने वाला शुभम मेहरा था जो की अपना मोबाइल सुधरवाने पाटन आया था। पाटन से मोबाइल सुधरवा कर अपने गांव जा रहा था जैसे ही सुरैया तिराहे के पास पहुंचा इस दौरान शहपुरा साइड से आ रहे तेज रफ्तार आयसर ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्ती की शुभम कई फीट दूर उछलकर जा गिरा जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पाटन पुलिस मौके पर पहुंची वहीं आयसर ट्रक के चालक ने भागने की कोशिश की थी लेकिन उसे पाटन चौराहे पर पकड़ लिया गया पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है बताया जाता है कि शुभम मेहरा अपने घर का इकलौता बेटा था और तेज रफ्तार की चलते उसकी जान गई है ।गौरतलब है की जब से शाहपुरा ब्रिज क्षतिग्रस्त हुआ है पाटन से शाहपुरा मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ गया है और भारी वाहन भी यहां से निकल रहे हैं जिसके चलते आए दिन यहां पर सड़क हादसे होते हैं नागरिकों ने मांग की है कि यहां पर ब्रेकर भी बनाई जाए जिससे कि वाहनों की रफ्तार हमें यदि प्रशासन ध्यान दें फिर इस तरह की हादसे रोके जा सकते हैं।

# हिरन नदी में डूबने से 15 वर्षीय बालक की मौत

▸ कोनी गांव की घटना

**पाटन।** पाटन के कोनी घाट में हिरन नदी में डूबने से 15 वर्षीय बालक की मौत हो गई बताया जाता है कि पुष्पेंद्र नाम का बालक अपने साथियों के साथ कोनी घाट में नहाने के लिए गया था नहाने के दौरान वह अचानक गहरी पानी में डूबने लगा साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन भी उसे बचा नहीं पाए। इसके बाद भाग कर उसके साथियों ने उसके परिजनों को सूचना दी।

मामले की जानकारी लगते ही कोनी गांव के ग्रामीण और परिजन घाट पर पहुंची और उन्होंने नदी में तलाशी की और पुष्पेंद्र को बाहर निकाल उसे पाटन अस्पताल लेकर आए। लेकिन तब तक पुष्पेंद्र की मौत हो चुकी थी बताया जाता है कि पुष्पेंद्र अपने साथियों के साथ नहाने के लिए हिरन नदी की घाट पर आया था इसी दौरान गहरे पानी में चला गया जिसके चलते उसकी जान चली गई ।फिलहाल पाटन पुलिस में मामला दर्ज का शव का पोस्टमार्टम कराया है थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कटंगी में निकली महाकाली माता की भव्य शोभायात्रा



**नवभारत, कटंगी ( जबलपुर )।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जनता की आस्था वाले प्राचीन बूढ़ी माई स्थल दुर्गा चौक बजरिया कटंगी से श्रद्धा और उत्साह के साथ महाकाली माता की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगर के श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, सभी ने रास्ते भर माता के जयकारे लगाए जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

यात्रा के दौरान भक्तजन हाथों में ध्वज लिए के शोभायात्रा के साथ साथ आगे बढ़ते रहे ।ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन एवं माता की आकर्षक साज सज्जा युक्त झांकी ने सभी का मन मोह लिया।

विशेष रूप से स्वप्निल अग्रवाल गोले और बूढ़ी माई दुर्गा उत्सव समिति बजरिया के बड़ी संख्या में उपस्थित सभी युवा वर्ग एवं मातृ शक्ति की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली । धर्ममय माहौल के बीच शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए हिरन नदी में विसर्जन के लिए पहुँची ,जहां विसर्जन संपन्न हुआ।



# नल-जल पाइप लाइन टूटने से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा


▸ रिंग रोड पर किया चक्काजाम

**नवभारत, पनागर।** रविवार को ग्राम पंचायत निभौरा में नल-जल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से उत्पन्न जल संकट के विरोध में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माणाधीन रिंग रोड पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार रिंग रोड निर्माण कार्य के दौरान संबंधित कंपनी द्वारा नल-जल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई थी। इसके चलते पूरे गांव में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार अधिकारियों और निर्माण कंपनी को शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। लगातार अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने जवाहर केवट के नेतृत्व में रिंग रोड पर चक्काजाम कर विरोध जताया। प्रदर्शन में जग्गी केवट, राकेश केवट, शेरू केवट, जुगल केवट, रामराज केवट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। चक्काजाम की सूचना मिलते ही रिंग रोड निर्माण कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। अधिकारियों द्वारा पांच दिनों के भीतर पाइपलाइन को पुनः स्थापित करने का लिखित आश्वासन दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे पुनः आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# सुकरी मंगेला में बह रही राम रस की बयार

**सुकरी।** गत दिवस से रेल्वे स्टेशन सुकरी मंगेला में चल रही राम कथा का रविवार को द्वितीय दिवस के अवसर पर सैकड़ों की तादात में श्रद्धालु जनों ने श्री राम कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर पूज्य सीतासरण महराज लोडा पहाड सिहोरा जिला जबलपुर द्वारा भगवान शिव शंकर की बारात की कथा वर्णन किया गया जिसे सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा श्रवण के दौरान मुख्य रूप से तरण सिंह राजपूत एवं अतुलकांत जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# जबलपुर में संगठन को मिली नई मजबूती

▸ अमित परौहा बने पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष

**जबलपुर।** आर्यवृत पत्रकार संघ मध्यप्रदेश द्वारा पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए समर्पित श्री अमित कुमार परौहा को संगठन की जिला इकाई का दायित्व सौंपते हुए जबलपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्निहोत्री, राष्ट्रीय सचिव कमलसिंह सोलंकी, राष्ट्रीय महासचिव राकेश सिंह चौहान एवं



प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विजय निमा ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि श्री परौहा के नेतृत्व में जबलपुर जिले में संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा एवं संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी।

नियुक्ति की जानकारी मिलते ही जबलपुर, पनागर एवं आसपास के पत्रकार साथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है। सभी ने श्री अमित कुमार परौहा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की है।

श्री परौहा ने इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की गरिमा के अनुरूप कार्य करते हुए पत्रकार साथियों को साथ लेकर चलेंगे तथा निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

# खेतों में गूंजा हार्वेस्टर का शोर, गेहूं की कटाई शुरू होने से किसानों के चेहरे खिले

**नवभारत, बेलखाडू।** रबी सीजन की सबसे अहम फसल गेहूं की कटाई अब शुरू हो गई है। खेतों में हार्वेस्टर उतरते ही सुनहरी फसल की कटाई तेज़ हो गई है और किसानों में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है।

सुबह से ही खेतों में हार्वेस्टर मशीनें लगातार चल रही हैं और पके हुए गेहूं की फसल तेजी से कट रही है। इस साल मौसम अनुकूल रहने से उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे किसानों के चेहरे पर संतोष और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है।

किसानों का कहना है कि समय पर कटाई शुरू होने से फसल को नुकसान से बचाया जा सकेगा और मंडियों में जल्द आवक बढ़ेगी। गांवों में फसल कटाई के साथ रौनक बढ़ गई है और मजदूरों को भी काम मिलने लगा है।

### ग्रामीण अंचलों में खुशी की लहर

कुल मिलाकर गेहूं की कटाई शुरू होते ही ग्रामीण अंचलों में खुशियों की लहर दौड़ गई है और किसान अच्छी पैदावार की उम्मीद के साथ नई उम्मीदें संजोए हुए हैं। जिन खेतों में गेहूं पूरी तरह पक चुकी वहां हार्वेस्टर से औसतन पंद्रह सौ रुपए एकड़ कटाई कार्य हो रहा है वहीं कुछ खेतो में अभी जो बारिश हुई थी तो फसल गीली एवं हरी रंग की होने से किसान को कटाई के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।







# प्यासे कंठ को तर करने पनागर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ





▸ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम

**पनागर, नवभारत।** जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बजरंग वार्ड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल शक्ति से नव भक्ति श्रमदान कार्यक्रम, जल संगोष्ठी एवं नगर चौपाल का भी आयोजन हुआ।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर, नवांकुर संस्था सुनेहरा कल सेवा समिति एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति राम वार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। उपस्थित जनों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए 'जल है तो कल है' का संदेश दिया गया ।सेक्टर प्रभारी धर्मेंद्र कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में पूरे मध्यप्रदेश में यह अभियान जनभागीदारी, जनसहयोग एवं श्रमदान के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के बाद राम वार्ड समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सोनी द्वारा राहगीरों को गर्मी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु हनुमान मंदिर परिसर में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ की गई, जिसकी स्थानीय नागरिकों ने सराहना की।


इस दौरान धर्मेंद्र कुशवाहा, नामांकुर, राजेश कुमार सोनी, प्राची केवट, सचिन सराफ, विशाल विश्वकर्मा, सुलोचना केवट, सारिका केवट, रागिनी केवट, मेघना केवट, अशोक विश्वकर्मा, शिव दाहिया, चंदन केवट, जितेंद्र दुबे, हेमंत पटेल, श्रीराम गौतम, नितिन ठाकुर (गोलू), रमेश पटेल, नंदन चौधरी, प्रमोद ओझा, कल्लू पटेल, पंडित रविशंकर अवस्थी, विजय चौबे सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे। अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

आयोजन | कटंगी में दो दिवसीय आयोजन हेतु तैयारियां जारी

# भव्यता से मनाई जाएगी श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी की जयंती

**नवभारत, कटंगी ( जबलपुर )।** श्री सकल दिगंबर जैन समाज कटंगी के समाजसेवी संदीप बजाज एवं जयंत जैन ने श्री भगवान महावीर स्वामी जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले जन्म कल्याणक महोत्सव के दो दिवसीय आयोजन की तैयारी के बारे में बताया कि मुनि श्री 108 सुख सागर महाराज के सानिध्य में श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। जिसका आयोजन दो दिवसीय होगा 30 मार्च सुबह 7 बजे अभिषेक पूजन होगा, 8 बजे से श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनिवर के प्रवचन होंगे।

एक बजे दोपहर भगवान श्री महावीर स्वामी की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर शोभायात्रा चंदा प्रभु जैन मंदिर से प्रारंभ होगी और मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड कंचन नगर होते हुए कन्या शाला से वापस बाज़ार मंदिर जावेगी ।



तत्पश्चात भगवान का जलाभिषेक होगा एवं मुनि राज के प्रवचन होंगे और रात्रि में भगवान की महाआरती का आयोजन रखा गया है ।मंगल कार्यक्रम की बेला में 31 मार्च को प्रातः 7 बजे श्रीजी की शोभायात्रा बाज़ार से बजरिया मंदिर वन्दना करते हुए वापस होंगी ,8 बजे अभिषेक पूजन, 9 बजे युवा धर्म विचार सम्मेलन दोपहर 1:30 बजे रत्नतृय विधान एवं मुनि श्री के प्रवचन शाम 7:30 बजे भगवान की महाआरती होगी । श्री सकल दिगम्बर जैन समाज के सभी वरिष्ठजन जयंत जैन ,श्रेयांश जैन, दिनेश जैन, अभय कुमार जैन, विक्की नेता, नीलेश जैन, सुनील दिगंबर, रितेश सिंघई, पप्पी जैन, जग्गी जैन, नरेश जैन, प्रमोद जैन, मीनू जैन, राजा जैन आदि ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।